साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

**आज का सुविचार**
अँधेरे से मत डरो, सितारे अँधेरे में ही चमकते हैं
आप कभी भी सर्व गुण संपन्न नहीं हो सकते ऐसा बनने की कोशिश भी आपके दुखों का कारण बनती है..

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 29 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 23 अगस्त 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## निवेश के लिए सबसे बड़ी संभावनाओं वाला क्षेत्र है ग्वालियर-चंबल अंचल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### ग्वालियर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव से प्राप्त होगा बड़ा औद्योगिक निवेश



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर ङ्क चंबल क्षेत्र पूरे प्रदेश में निवेश के लिये सबसे अच्छी व बड़ी संभावनाओं वाला क्षेत्र है। ग्वालियर शहर देश की राजधानी नई दिल्ली के नजदीक होने के साथ-साथ उत्कृष्ट हवाई, रेलवे व सड़क सेवाओं से पूरे देश से जुड़ा है। हमें भरोसा है कि ग्वालियर में 28 अगस्त को आयोजित होने जा रही ÷रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव÷ से इस क्षेत्र के लिए बड़ा औद्योगिक निवेश प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर व चंबल संभाग के जिलों के उद्योगपतियों व औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा सरकार का प्रयास है कि निवेश केवल बड़ी इकाईयों में ही नहीं, अपितु रोजगारपरक इण्डस्ट्रीज में हो, जिससे ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को रोजगार मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में आयोजित होने जा रही ÷रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव÷ के सिलसिले में गुरुवार को ग्वालियर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, गुना, अशोकनगर व शिवपुरी जिले के उद्योगपतियों से वर्चुअल संवाद किया। ग्वालियर के उद्योगपति बैठक में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद रहे। केन्द्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअल रूप से इस बैठक में शामिल हुए। यहाँ कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला एवं क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री ने रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारी के सिलसिले में क्षेत्रीय उद्योगपतियों से किया संवाद**

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, स्थानीय उद्यमियों के प्रोत्साहन एवं बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में श्रृंखलाबद्ध रूप से इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्वालियर में 28 अगस्त को रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन की गई है। इस कॉन्क्लेव से पहले से कार्यरत औद्योगिक इकाईयों को विस्तार देने में मदद मिलेगी ही, साथ ही क्षेत्र को बड़े पैमाने पर नया औद्योगिक निवेश प्राप्त होगा। उन्होंने कहा सरकार का प्रयास है कि बाहर के निवेशक आकर हमारे प्रदेश में औद्योगिक निवेश करें, स्थानीय उद्यमियों को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिये अनुकूल वातावरण मिले और पूर्व से संचालित इकाईयों का विस्तार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल के बीहड़ क्षेत्र की जमीन पर डिफेन्स सेक्टर में निवेश के लिये विशेष प्रयास किए जायेंगे। इसके लिए केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से जल्द ही चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा अडानी समूह व अन्य बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने डिफेंस सेक्टर में निवेश करने के लिये रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैंगलोर में उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के लिये किए गए रोड़ शो का जिक्र करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक लिमिटेड को प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्करिंग क्षेत्र में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया गया है।

## BNSS-31(1) - किसी आरोपी को आम जनता कब गिरफ्तार करके मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी को दे सकता है



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 31 भारत के आम नागरिको को पुलिस एवं मजिस्ट्रेट की सहायता करने का कानूनी अधिकार देती है द्ध अर्थात तीन प्रकार के अपराध में जनता पुलिस एवं मजिस्ट्रेट की सहायता कर सकती है -

1. गिरफ्तारी में सहायता
2. शांति भंग का निवारण
3. लोक संपत्ति की रक्षा

जानिए आम व्यक्ति मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी में कब सहायता कर सकता है-

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 31(1) की परिभाषा**

**गिरफ्तारी में सहायता-** यदि कोई पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए प्राधिकृत करता है, तो आम जनता उस व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर सकती है। यह तब होता है जब पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट के पास पर्याप्त बल नहीं होता है या वे खुद गिरफ्तारी नहीं कर सकते हैं।

**उदाहरण अनुसार-**

- एक पुलिस अधिकारी एक चोर को गिरफ्तार करने के लिए प्राधिकृत करता है, लेकिन चोर भागने लगता है। इस स्थिति में, आम जनता चोर को पकड़कर पुलिस अधिकारी के हवाले कर सकती है।

- एक मजिस्ट्रेट एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए प्राधिकृत करता है, लेकिन व्यक्ति शांति भंग करने लगता है। इस स्थिति में, आम जनता व्यक्ति को शांत करने में मदद कर सकती है और पुलिस के हवाले कर सकती है।

**नोट-** यह धारा आम जनता को पुलिस अधिकारी और मजिस्ट्रेट की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करती है, ताकि अपराधों को रोका जा सके और शांति बनाए रखी जा सके।

## राजपत्र (The Gazette) क्या होता है और यह कब जारी किया जाता है जानिए /legal advice......

राजपत्र एक सरकारी प्रकाशन है जिसमें सरकार द्वारा जारी किए गए नियम, अधिनियम, नोटिफिकेशन, और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रकाशित की जाती है। यह एक आधिकारिक दस्तावेज है जो सरकार के कार्यों और नीतियों को जनता के सामने प्रस्तुत करता है।

### राजपत्र में प्रकाशित की जाने वाली जानकारी में शामिल हो सकती है-

- सरकारी नियम और अधिनियम
- नोटिफिकेशन और परिपत्र
- सरकारी नियुक्तियाँ और पदोन्नति
- सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी
- सरकारी तिथियाँ और अवकाश
- सरकारी निर्देश और दिशानिर्देश

राजपत्र का उद्देश्य जनता को सरकार के कार्यों और नीतियों के बारे में सूचित करना है, ताकि वे सरकार के निर्णयों और कार्यों को समझ सकें और उनका लाभ उठा सकें।

### राजपत्र के कुछ महत्वपूर्ण प्रकार-

**1.भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र-** भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र को ÷द गजेट ऑफ इंडिया कहा जाता है। यह हर सप्ताह बुधवार को जारी किया जाता है।

**2. राज्य सरकारों द्वारा जारी राजपत्र -** राज्य सरकारें भी अपने राजपत्र जारी करती हैं, जिन्हें स्टेट गजेट कहा जाता है। यह राज्य के नियमों और अधिनियमों को प्रकाशित करता है।

**3. उच्च न्यायालयों द्वारा जारी राजपत्र-** उच्च न्यायालयों द्वारा जारी राजपत्र में न्यायिक निर्णय, नोटिफिकेशन, और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रकाशित की जाती है।

### नियम और अधिनियम जिनके अंतर्गत राजपत्र जारी किया जाता है-

1. भारत सरकार अधिनियम, 1935,
2. राजपत्र अधिनियम, 1935,
3. प्रिंटिंग प्रेसेस एंड पब्लिकेशन्स एक्ट, 1956,
4. आधिकारिक राजभाषा अधिनियम, 1963

### राजपत्र में किस प्रकार की जानकारी मुख्य रूप से प्रकाशित होती है जानिए-

- भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र में प्रकाशित की गई जानकारी
  - सरकारी नियम और अधिनियम
  - नोटिफिकेशन और परिपत्र
  - सरकारी नियुक्तियाँ और पदोन्नति

B - राज्य सरकारों द्वारा जारी राजपत्र में प्रकाशित की गई जानकारी-
  - राज्य के नियम और अधिनियम
  - नोटिफिकेशन और परिपत्र
  - राज्य सरकार की नियुक्तियाँ और पदोन्नति

## बच्चों के संस्कार में आना चाहिये कि जल अमृत है, इसे व्यर्थ न बहायें : नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय

### देवास में अमृत संचय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम




**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि आज जरूरी है कि बच्चों के संस्कार में आना चाहिये कि जल अमृत है, इसे व्यर्थ न बहायें। यदि यह कार्य शत-प्रतिशत होता है, तो देवास देश को मार्गदर्शन देने वाला शहर बन जायेगा। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय आज देवास के मल्हार स्मृति मंदिर में हुए अमृत संचय अभियान को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विधायक श्री अरुण भीमावत, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि मौजूद थे। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि जल संचय के लिये अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि इंदौर में इस सीजन में अब तक जन-भागीदारी से 51 लाख पेड़ लगाये जा चुके हैं। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि एक पीपल का पेड़ 10 हजार से एक लाख लीटर पानी जमीन में पहुँचाता है। उन्होंने बताया कि नर्मदा के किनारे नगरीय निकायों में एसटीपी लगाने का कार्य किया जायेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मल्हार स्मृति मंदिर में पौध-रोपण भी किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार ने कहा कि पूर्व में देवास में इंदौर से नर्मदा मैया का पानी लाना पड़ता था। अब क्षिप्रा नदी पर डेम बनने से देवास में तीसरी मंजिल तक पानी पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि अगले साल तक हमें एक हजार करोड़ लीटर वर्षा का जल बचाना है। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री विज्ञान भारती श्री प्रवीण रामदास ने भी संबोधित किया। कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता ने बताया कि देवास में 100 दिन पहले अमृत संचय अभियान शुरू हुआ है। सभी के सहयोग से हमने 225 करोड़ लीटर पानी बचाने के लक्ष्य को हासिल कर लिया है।

## सीपेट का युवाओं के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदानः राजयमंत्री श्रीमती गौर

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि सीपेट (केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान) का युवाओं के कैरियर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर गुरुवार को सीपेट के भोपाल स्थित कौशल एवं तकनीकी सहायता केंद्र में



शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सीपेट जैसी संस्थाएं आज देश की बहुत बड़ी आवश्यकता है। संस्था के समस्त सदस्यों ने समर्पण के साथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में यहां उपस्थित छात्र अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। वे सभी छात्र जिनका प्लेसमेंट हुआ है, उन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं। संस्था छात्रों के बेहतर कैरियर निर्माण के लिए काम कर रही है। सीपेट भोपाल के केंद्र निदेशक श्री संदेश कुमार जैन ने बताया कि सीपेट भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण संस्थान है। सीपेट में छात्रों को वाइपर बॉडी, कूलर स्विच कवर, कपलर कैप, ट्रॉफी टॉप कवर एवं बॉटम कवर, आयुर्वेदिक डिब्बी, डस्टबिन , तगाड़ी , बाल्टी आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# कोयलांचल क्षेत्र में व्याप्त जनहित के मुद्दों पर परिषद अध्यक्ष डूमर कछार सुनील चौरसिया ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर सौंपा मांगपत्र

**अनूपपुर-** विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के अनूपपुर जिले के प्रवास के दौरान नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने जिले के कोयलांचल क्षेत्र के जनहित से जुड़े समस्याओं को दूर किए जाने के सम्बंध में मंच पर मुख्यमंत्री जी से चर्चा करते हुए मांग पत्र सौंपकर क्षेत्र में जनहित से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए दूर किये जाने की मांग रखी। इन समस्याओं के दूर होने से कोयलांचल क्षेत्र और जिले वासियों को बहुत राहत मिलेगी। श्री चौरसिया ने मांग पत्र में इन तथ्यों का उल्लेख करते हुए जल्द से जल्द क्षेत्र हित में निर्णय लिए जाने का आग्रह किया है एसईसीएल के खाली पड़े मकान को जरूरतमंदों को आबंटित किया जाए जिले के निकाय डूमरकछार बनगंवा डोला बिजुरी पसान कोतमा एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र कोलमाइन्स क्षेत्र के अंतगर्त आते हैं,इन क्षेत्रों में कोयले का उत्खनन विगत 60- 70 वर्षो से किया जा रहा है।पूर्व में एसईसीएल के द्वारा निर्मित मकान अब लगभग 70 से 80त्न मकान खाली पड़े हुए है,इन आवासों में रहने वाले लोग सेवानिवृत्त हो गए हैं और सेवानिवृत कर्मचारी मकान उपलब्ध ना होने की वजह से लगातार पलायन कर रहे हैं,आसपास के बसाहट खाली हो जाने से रोजगार /स्वरोजगार कर अपना जीवन यापन करने वाले व्यापारियों के ऊपर भी आर्थिक संकट खड़ा होता जा रहा है,लगातार पलायन से छोटे-बड़े कारोबारी भी पलायन को मजबूर है,हजारो की संख्या में कालरी के श्रमिक जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं और साथ ही क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे इन नागरिकों को मुख्यमंत्री आवास/प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोलइंडिया/एसईसीएल



उपक्रम के खाली पड़े मकानों को जरूरतमंदों को आवंटित कराये जाने का आपसे आग्रह है,ताकि बेघरों को घर मिल सके और सरकार की सम्पत्ति का सदुपयोग भी हो सके।

## एसईसीएल प्रबंधन की खाली पड़ी जमीनों को सरकार ले वापस

जिले के अधिकांश नगरीय निकाय जो कोयलांचल क्षेत्र में स्थिति है,लगभग 50 से 60 वर्ष पूर्व अधिग्रहित एवं लीज पर ली गयी हजारों एकड जमीन कोल इंडिया के लिए अभी और आने वाले भविष्य में भी अनुपयोगी है,परंतु यह जमीन नगर विकास,सार्वजनिक कार्यो बावत उपलब्ध नही हो पा रहा है,जमीन उपलब्ध ना हो पाने के कारण जिले की निकायों में विकास कार्य प्रभावित/अवरुद्ध हो रहा है,इन अनुपयोगी जमीनों को सरकार वापस लेकर कई प्रकार के विकास कार्यों के लिए आबंटित किए जाने के साथ ही आवासहीन एवं भूमि हीन हितग्राहियों को पट्टा प्रदाय किये जाने की ओर सकारात्मक पहल किया जाए।

## जिले की बंद पड़ी कोयला खदानों का सर्वे कराकर पुनः प्रारंभ किया जाए

अनूपपुर जिले में सोहागपुर,जमुना कोतमा एवं हसदेव क्षेत्र में ऐसी कई कोयला खदाने हैं जो 1960 से 2000 के दशक में प्रारंभ हुई थी परंतु सीमित साधनों एवं तकनीकी का विकास कम होने के कारण कोयले का उत्पादन/दोहन पूर्ण तरीके से नहीं हो और वे कोयला खदानें बंद हो गयी,उन सभी बन्द कोयला खदानों के कोयले की मात्रा का सर्वे करा कर पुनः कोयला खानों को प्रारंभ कराये जाने का आपसे आग्रह है, ताकि कोयलांचल क्षेत्र से हो रहे लगातार पलायन और बेरोजगारी से निजात मिल सके।

## कोयलांचल क्षेत्र में कल कारखाने एवं उद्योग स्थापित किया जाए

कोयलांचल क्षेत्र में पलायन और बेरोजगारी जोरों पर है,अतः कोयलांचल क्षेत्र में कोयले से आधारित कल कारखानें एवं उद्योग धंधे स्थापित किये जाए ताकि क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार मिल सके और लगातार हो रहे पलायन से भी राहत मिल सके।

# अनूपपुर में आज हिन्दू एकता मंच द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।




**अनूप गुप्ता**

**अनूपपुर।** बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हो रही लक्षित हिंसा के विरोध में अनूपपुर में आज हिन्दू एकता मंच द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे लगातार हमलों, मन्दिरों में तोड़फोड और मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की खबरों से लोगों में भारी नाराजगी है। इसे लेकर 22 अगस्त, गुरुवार को दोपहर 2 बजे से अनूपपुर में हिन्दू एकता मंच द्वारा धरना ङ्क प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नाम अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध लक्षित हिंसा , हत्याओं, हिन्दुओं पर हमलों के साथ उनकी संपत्ति को नष्ट किया जा रहा है? । हिंसक भीड़ द्वारा उन पर हमले किये जा रहे हैं। उन्हे लूटा जा रहा है, उनके घरों में आग लगाई जा रही है?। मन्दिरों पर हमले करके देवी ङ्क देवाओं की प्रतिमाओं को खंडित किया जा रहा है। इससे नाराज लोगों ने हिन्दू एकता मंच के माध्यम से 22 अगस्त , गुरुवार को अनूपपुर जिला मुख्यालय में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नाम कलेक्टर हर्षल पंचोली को ज्ञापन सौंप कर बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हिंसा रोकने, उनकी लूटी और नष्ट की गयी संपत्ति का मुआवजा दिलाने, वहाँ से पलायन करने वाले हिन्दुओं को भारत की नागरिकता देने और भारत में घुसपैठिये बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को देश से निकालने की मांग करेंगे। 22 अगस्त , गुरुवार को अनूपपुर के सामतपुर स्थित शिव ङ्क मारुति मंदिर के पास दोपहर 2 बजे एकत्रीकरण होगा। यहाँ से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में शांति से ज्ञापन सौपेंगे।


**विशेष सूचना**

# आरक्षण के समर्थन में विशाल धरना प्रदर्शन

सम्मानित साथियों आप सभी को सूचित किया जाता है की माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा आरक्षण में वर्गीकरण का जो फैसला दिया गया है जो की अनुसूचित जाति जन जाति के लोगो के अधिकारी का हनन है जिसके विरोध में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी एवम तमान सामाजिक संगठनों के तत्वाधान में कल दिनांक 21 अगस्त 2024 को शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन भारत बंद के समर्थन में कल सभी भीम सैनिकों को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर समय 11 बजे एकत्रित होना है और इस दलित विरोधी फैसले का विरोध कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाना सुनिश्चित है आप सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निवेदन है की आप कल अधिक से अधिक संख्या में बोर्ड ऑफिस चौराहे एम.पी भोपाल पहुंचकर इस आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करे ।

**जीतेन्द्र मूलनिवासी**
**भीम आर्मी भोपाल संभाग संयोजक**
**मो 8461044272**


# मंकीपॉक्स के नियंत्रण एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

मंकी पॉक्स से बचाव के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाये और आवश्यक प्रबंध किए जायें। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिशानिर्देश जारी कर दिये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन अनुसार संदिग्ध प्रकरणों को स्वास्थ्य सुविधाओं में अलग रखा जाएगा। उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा आइसोलेशन समाप्त करने का निर्णय लेने पर ही स्वास्थ्य संस्था से डिस्चार्ज करने के निर्देश हैं। ऐसे सभी संभावित प्रकरण एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के जिला सर्विलेंस अधिकारी की निगरानी में रहेंगे। संभावित संक्रमण की स्थिति में मंकीपॉक्स वायरस परीक्षण के लिए प्रयोगशाला का सैंपल एनआईवी पुणे भेजे जाएँगे। मंकीपॉक्स का पॉजिटिव प्रकरण पाये जाने पर कांटैक्ट ट्रेसिंग कर विगत 21 दिनों में रोगी के संपर्क में आये व्यक्तियों की पहचान करने के निर्देश दिये गए हैं। मंकीपॉक्स बीमारी का केंद्र वर्तमान में अफ्रीका के देशों में है। इस बीमारी का प्रथम प्रकरण भारत में 14 जुलाई 2022 को केरल में पाया गया था, उसके बाद 30 लेबोरेटरी कन्फर्म प्रकरण केरल एवं दिल्ली में पाये गयें, 27 मार्च 2024 के बाद कोई नया प्रकरण नहीं पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 14 अगस्त 2024 को (मंकीपॉक्स) बीमारी को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ़ इंटरनेशनल कंसर्न (पीएचईआईसी) घोषित किया गया है। मंकीपॉक्स एक वायरल बीमारी है जो मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षा वन क्षेत्रों में पायी जाती है। मंकीपॉक्स से संक्रमित रोगी को सामान्यतः बुखार, रेश और लिम्फ नोड्स में सूजन पाई जाती है। कुछ रोगियों में चिकित्सकीय जटिलताएं हो सकती हैं। मंकीपॉक्स एक स्व-सीमित संक्रमण है जिसके लक्षण सामान्यतः 2-4 सप्ताह में समाप्त हो जाते है। गंभीर प्रकरणों में मृत्यु दर 1-10त्न प्रतिशत है। मंकीपॉक्स वायरस पशुओं से मनुष्य में और मनुष्य से मनुष्य में भी फैल सकता है। ये वायरस कटी-फटी त्वचा, रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट या म्यूकस मेम्ब्रेन (आंख, नाक या मुंह) के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है। संक्रमित पशु वन्यपशु से मानव में वायरस का संचरण काटने, खरोंचने, शरीर के तरल पदार्थ एवं घाव से सीधे अथवा अप्रत्यक्ष संपर्क (जैसे दूषित बिस्तर) के माध्यम से हो सकता है। मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण मुख्य रूप से लार्ज रेस्पिरेटरी ड्रॉपलेट्स के माध्यम से सामान्यतः पर लंबे समय तक निकट संपर्क से होता है। वायरस शरीर के तरल पदार्थ के सीधे संपर्क के माध्यम से और घाव के साथ अप्रत्यक्ष संपर्क के माध्यम से भी प्रसारित हो सकता है, जैसे संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़ों या लिनेन के माध्यम से। मंकीपॉक्स का इनक्युबेशन पीरियड आमतौर पर 7-14 दिनों का होता है, यह 5-21 दिनों तक हो सकता है और इस अवधि के दौरान व्यक्ति आमतौर पर संक्रामक नहीं होता है। संकमित व्यक्ति के चकत्ते दिखने से 1-2 दिन पहले तक रोग फैला सकता है। सभी चकत्तों से पपड़ी गिर न जाए रोगी तब तक संक्रामक बना रह सकता है।

# जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत किसी भी अप्रिय घटना से निपटने कलेक्टर ने लगाई अधिकारियों की डयूटी



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर भोपाल जिले के विभिन्न स्थानों पर मटकीफोड प्रतियोगिता, भजन संध्या, अभिषेक, आरती, प्रसादी वितरण, भण्डारा शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। कलेक्टर कौशलेंद्र? विक्रम सिंह ने सभी व्यवस्था एवं कार्यवाही के लिए विभाग से संबंधित पुलिस आयुक्त भोपाल कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, आयुक्त नगर पालिक निगम कार्यक्रम आयोजन स्थल पर साफ-सफाई एवं अग्निशमन, पुलिस अधीक्षक देहात आवश्यक कानून एवं सुरक्षा, पुलिस उपायुक्त चारों जोन आयोजन स्थल पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, पुलिस उपायुक्त यातायात आवागमन के मार्गों पर यातायात व्यवस्था, अधीक्षण यंत्री शहर मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विवि कंपनी लिमिटेड निरंतर विद्युत प्रवाह एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा ट्रांसफार्मरों का रखरखाव, मुख्य स्वास्थ्र एवं चिकित्सा अधिकारी सिविल सर्जन जय प्रकाश चिकित्सालय 1250, डीन अधीक्षक गांधी मेडिकल कॉलेज हमीदिया अस्पताल आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आकस्मिक चिकित्सा के लिए डॉक्टरों के दल की डयूटी एवं 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण आयोजन पर बैरिकेटिंग एवं सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत आयोजन स्थल एवं चल समारोह, शोभायात्रा के आवागमन के मार्गों का एक दिवस पूर्व पुलिस के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### क्राइम ब्रांच ने शातिर वाहन चोरो को धर दबोचा,

# सत्रह लाख चालीस हज़ार के वाहन जब्त आरोपियों के कब्जे से कुल 29 वाहन किए बरामद




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**


क्राइमब्रांच क्राइम ब्रांच टीम को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसायकिल लिए हुए झरनेश्वर मंदिर ठंडी सड़क रोड़ खड़े हैं और मोटरसायकिल सस्ते दामो पर बेचने की बात कह रहे हैं । मोटरसायकिल चोरी की थी । मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर पर क्राइम ब्रांच टीम तुरंत बताये स्थान झरनेश्वर मंदिर ठंडी सड़क रोड़ की ओर रवाना हुई । वहाँ मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसायकिल लेकर खड़े थे । टीम द्वारा उन व्यक्तियो से पूछताछ की तथा मोटरसायकिल चेक करने पर व उसके बारे में पूछताछ करने पर वे व्यक्तियों नें कोई सटीक जबाब नही दिया । गाड़ी का इंजन नं व चेचिस नं चेक करने पर वह गाड़ी चोरी की पाई गई । संदेहियों को थाने लाया गया और पूछताछ करने पर उन्होने अपना नाम आदि पुलिस को बताया उनमें एक तहसील बैरसिया जिला भोपाल तथा दूसरा गौहरगंज जिला रायसेन के रहने वाले थे उन्होंने बताया कि वो गाड़ी दोनों ने मिलकर सर्वधर्म कोलार से चुराई थी । इसके अलावा उन्होंने स्वीकार किया की अपने अन्य कई साथियों के साथ मिलकर अलग अलग स्थानों से कई मोटर साइकिल चुराकर अपने अन्य साथियों को बेचने के लिए दी है ये लोग गाड़ियों को पाँच से छः हज़ार रुपए में बेच देते थे। गाड़ियां बेचने पर जो पैसे मिलते थे सभी आपस मे बांट लेते थे ।गैंग के सभी लोगो के घर एवं जहां चोरी की मोटरसायकिल बेची गई थी उनके घर क्राइम ब्रांच की टीम दोनो आरोपियों को लेकर बताये पते पर जाकर पकड़े गए अन्य आरोपियों से सखूती से पूछताछ की । आरोपियों ने कुल 29 गाड़िया चोरी करना और सस्ते दांमो पर बेचना स्वीकार किया। गिरोह का सरगना मास्टर माइंड है जो नई नई कालोनियों के सूने मकानों में दिन में अपने साथियों के साथ मिलकर रैकी करता है और रात्रि में वारदात को अंजाम देता है । आरोपी चोरी के वाहनो से लकड़ी की चोरी व शराब की तस्करी करते थे । गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में आपराधिक रिकार्ड है । गिरफ्तार आरोपियों से अन्य वाहनो के संबंध में और विस्तृत पूछताछ की जा रही है जिसमें और चोरी के वाहनो के खुलासे होने की संभावना है

# राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित अधिकारियों-कर्मचारियों को दी शुभकामनाएं



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनता की सेवा में पुलिस का व्यवहार और दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। पुलिस का संवेदनशील व्यवहार जनता के मन में पुलिस के प्रति सम्मान को बढ़ाता है साथ ही पुलिस की छवि को जन हितैषी बनाता है। राज्यपाल पटेल ÷राष्टपति पुलिस पदक से सम्मानित अधिकारी-कर्मचरियों से भेंट÷ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस, जेल और होम गार्ड के पदक प्राप्तकर्ताओं एवं उनके परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष प्रदेश पुलिस के कुल 69 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी राष्टपति के पुलिस पदक से सम्मानित हुए हैं। यह सम्मान वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम राजभवन के सांदपनि सभागार में आयोजित हुआ। राज्यपाल पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने कानून एवं व्यवस्था के उत्तरदायित्वों के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने ÷एक पेड़-माँ के नाम÷ अभियान में एक दिन में सवा लाख पौधे लगाए हैं। राज्यपाल ने मध्यप्रदेश पुलिस बल को इस सफलता के लिए बधाई दीं। उन्होंने प्रदेश पुलिस से आह्वान भी किया कि रोपे गए पौधों की भविष्य में देख-भाल की जिम्मेदारी भी तत्परतापूर्वक निभाएं। राज्यपाल ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में सायबर अपराधों की प्रकृति बदली है। सायबर अपराधों का शिकार अधिकांशतऱ बच्चे, महिलाएं, ग्रामीण और वंचित वर्ग के लोग हो रहे हैं।पुलिस को सायबर जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना होगा। पुलिस को तकनीकी और कानूनी रूप से दक्ष होकर, संवेदनशील विवेचना कर, सायबर अपराधियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस का हर अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्यों का संपूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ पालन करें। राज्यपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय पुलिस सशक्त और स्वस्थ समाज का आधार होती है। समाज के विकास के लिए सुरक्षा जरूरी है, सुरक्षा के लिए पुलिस जरूरी है। पुलिस को समय के अनुसार स्वयं को अपडेट रखना होगा। अब रिएक्टिव पुलिसिंग से प्रिडिक्टिव पुलिसिंग की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि विगत 6 माह में पुलिस द्वारा नक्सल गतिविधियों पर कड़ाई के साथ निरंतर कार्रवाई की गई है। 4 हार्डकोर नक्सलियों को मार कर, नक्सल गतिविधियों पर काफ़ी हद तक नियंत्रण पाया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने असामाजिक तत्वों, राष्टविरोधी ताकतों का कठोरता से दमन और गौ-वंश के अवैध परिवहन रोकने की प्रभावी कार्रवाई भी की है। राज्यपाल का समारोह में पुलिस महानिदेशक ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, मध्यप्रदेश पुलिस, होमगार्ड और जेल विभाग के पदक प्राप्तकर्ता और उनके परिजन उपस्थित थे।


चलो आंबेडकर जयंती मैदान

चलो आंबेडकर जयंती मैदान

मा.सुप्रीम कोर्ट द्वारा 01 अगस्त 2024 का स्ट-स्ज्ज के कोटे में वर्गीकरण के पर पुर्नविचार हेतु

आरक्षित समाज संयुक्त मोर्चा द्वारा

कल -दिनांक 21 अगस्त 2024

समय- शाम 5.30 बजे से

-मौन सत्याग्रह एवं शांति मार्च-

स्थान- अंबेडकर जयंती मैदान, 2- नंबर बस स्टॉप तुलसी नगर भोपाल

आप सभी सम्मानित साथियों से विशेष आग्रह हैं कि सामाजिक एकता और अखंडता का परिचय देते हुए अपने मित्र व साथियों के साथ आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं


नमो बुद्धाए..जय भीम..जय जोहार..जय संविधान

धन्यवाद सहित

भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो

# भीम आर्मी व SC/ST के संगठनों ने आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में किया सिरोंज बन्द




भीम आर्मी भारत एकता मिशन

संस्थापक
मा.एड.चन्द्रशेखर आज़ाद जी
सांसद,नगीना

राष्ट्रीय अध्यक्ष
मा.विनयरत्न सिंह जी
प्रदेश प्रभारी
मा.अनिल धेनवाल जी

क्रमांक...01/3/01
दिनांक...21/08/24

ज्ञापन–पत्र

प्रति,

महामहिम राष्ट्रपति महोदया,

भारत ।

द्वारा :— श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, सिरोंज जिला विदिशा म.प्र.

विषय :— अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण के संदर्भ में ।

महोदया,

बाबा साहब डा. भीमराव राम जी अम्बेडकर जी के अथक संघर्ष से भारत के संविधान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गो के लिये अनुच्छेद 340 की धारा 15–4 एवं 16–4 में स्पष्ट रुप से सामाजिक एवं आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्तियों के लिये आरक्षण का प्रावधान किया गया है । आरक्षण की व्यवस्था 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 7.5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति तथा 27 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्गो के लिये की गई है ।इसी के तहत इन वर्गो को शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है ।

परन्तु आज तक किसी भी सरकारी विभाग में पूर्ण रुप से आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया है ।

क्रमशः..........2

(2)

भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला विदिशा (म.प्र.)




भीम आर्मी,बसपा,व तमाम राजनीतिक पार्टी व अनुसूचित जाति-जनजाति के संगठनों ने माननीया सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण बर्गीकरण के क्रीमीलेयर के विरोध में सिरोंज बन्द कर छत्री नाका से हाथों में क्रीमीलेयर खत्म करो -खत्म करो %आरक्षण बर्गीकरण बन्द करो ,बन्द करो जैसे नारो की तख्तियां लेकर मुख्य मार्गो से रैली निकालकर सिरोज़ तहसील कार्यालय पहुँचकर एसडीएम महोदय द्वारा राष्टपति के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया कि बाबासाहेब के अथक संघर्ष से भारत के सविंधान में अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गो के लिए अनुच्छेद 340 की धारा 15-4 एंव आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया हैं।आरक्षण की व्यवस्था 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 7.5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति तथा 27 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्गो के लिए की गई है इसी के तहत इन वर्गो को शिक्षा एवं सरकारी नोकरियो में आरक्षण दिया जा रहा हैं। परंतु आज तक किसी भी सरकारी विभाग में पूर्ण रूप से आरक्षण का कोटा पूरा नही किया गया है।विगत 1 अगस्त 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में केंद्र सरकार को आदेशित किया है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मिलने वाले आरक्षण




का राज्य सरकारें सर्वे कराए तथा इन जातियों में क्रीमीलेयर को छोटे और वर्गीकरण भी करे।महोदय इस आदेश से अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को काफी नुकसान होगा जातिगत आधार पर लोगो को बंटबारा होगा फिर भी आरक्षण का लाभ पूर्ण रूप से इन जातियों को नही मिलेगा।

इस सम्वन्ध में भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद सांसद नगीना के निर्देश पर संगठन ने पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन देने का कार्यक्रम बनाया है। ज्ञापन पत्र में निम्नलिखित मांगे की गई हैं।

1.जातिगत जनगणना कराई जाए।

2.अनुसूचित जाति एवं जन जातियों तथा पिछड़े वर्गों का आरक्षण कोटा सभी विभागों में पूरा किया जाए।

3.गैर सरकारी संस्थानों में भी आरक्षण व्यवस्था लागू की जाए।


4.जब तक अनुसूचित जाति,जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण कोटा सभी विभागों से पूरा नही होता हैं।तब तक आरक्षण के इस प्रावधान को सविंधान को नोंवी सूची में डाल दिया जाए ताकि आरक्षण प्रावधान में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो सके। भीम आर्मी संगठन ने यह भी बताया कि यह आंदोलन का प्रथम चरण है दूसरा चरण 11 सितम्बर को दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन करने का है और माँगे पूरी नही होती है तो यह आन्दोलन आगे भी निरन्तर जारी रहेगा।इस दौरान भीम आर्मी भोपाल के पूर्व संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह ,डॉ लखपत सिंह ठकरेले बसपा,प्रेमसिंह बौद्ध, मिश्रीलाल ,ओमप्रकाश जाटव,संजीव अहिरवार,मोहरसिंह बौद्ध भारत,अभिषेक चौधरी,लालू अहिरवार,संजू जाटव,अजब सिंह आदि सभी सामजिक संगठनों के लोग थे।

## आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ (कसस) मैं ब्लॉक जिला प्रदेश स्तर की नियुक्तिया









मध्य प्रदेश ग्वालियर 19 अगस्त 2024

आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ (कसस)के संस्थापक प्रांत अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र ने आज लखन लाल राठौर सेवानिवृत शिक्षक अधीक्षक करेरा जिला शिवपुरी को जिला अध्यक्ष शिवपुरी नियुक्त किया गया है इसी प्रकार श्रीमती पूजा कुमारी को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है इसके साथ ही बालकृष्ण मेहोरिया को जिला शिवपुरी महासचिव नियुक्त करते हुए विकासखंड पिछोर और विकासखंड खनियाधाना का प्रभारी बनाया गया है नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ,एवं ब्लाक अध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी शीघ्र गठित कर प्रांत से अनुमोदन के उपरांत घोषित करने के निर्देश संघ के बायोलॉज के मुताबिक दिए गए हैं

## साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे अनूपपुर के द्वारा आभार, स्नेह मिलन एवं पुरस्कार वितरण तथा विदाई समारोह सम्पन्न।



अनूपपुर,। अर्बन बैंक डेलीगेट चुनाव 2024 में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के लोकप्रिय नेता कमर्शियल विभाग से जयंतो दासगुप्ता एवं इंजीनियरिंग विभाग से सिराज अहमद मंसूरी के शानदार जीत एवं कमर्शियल विभाग युटीएस सिस्टम लागू करने में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अनूपपुर स्टाफ को पुरस्कार समारोह,एवं स्वप्नशील भाई व नेहा गुज़र के बिलासपुर स्थानांतरण पर विदाई अभिनंदन समारोह के संयुक्त कार्यक्रम जयंतो दासगुप्ता एवं साथियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, मुख्य स्टेशन अधीक्षक अनूपपुर एम.पी.शर्मा , नवभारत अनूपपुर जिला ब्यूरो चीफ चैतन्य मिश्रा, सीटीआई अनूपपुर संदीप कुमार ततवाती जी, सीआई शहडोल वी पी तिवारी, सीएस कमर्शियल पेन्ड्रारोड़ श्रीमती उमा थामस , के अतिथि में शानदार समारोह संपन्न हुआ इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मजदूर कांग्रेस के नेता लक्ष्मण राव ने कहा मजदूर कांग्रेस के नेता जयंतो दासगुप्ता एवं सिराज मंसूरी की जीत रेल कर्मचारियों की जीत है बिलासपुर जोन में मजदूर कांग्रेस ने सबसे ज्यादा डेलीगेट जीत कर रेल कर्मचारियों में अपनी पकड़ साबित किया है, अनूपपुर के कमर्शियल स्टाफ को युटीएस नव प्रयोग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी रेलवे कर्मचारियों को बधाई दी, समारोह को मंचासीन अतिथियों ने संबोधित किया जिनमें प्रमुख थे ─ वरीष्ठ पत्रकार चैतन्य मिश्रा, सीटीआई अनूपपुर संदीप कुमार ततवाती, सी आई शहडोल वी पी तिवारी, सी एस कमर्शियल पेन्ड्रारोड़ श्रीमती उमा थामस समरोह सी आई सी क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से रेल कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## एमपी में नागरिक सेवाओं के विस्तार के तहत अनूपपुर जिले में 6 उप लोकसेवा केंद्रों का 15 अगस्त से शुभारंभ

**अनूपपुर।** एमपी में नागरिक सेवाओं के विस्तार के तहत उप लोक सेवा केंद्रों का पंचायत तक विस्तार करने की दिशा में अनूपपुर जिले में 6 उप लोक सेवा केंद्रों का शुभारंभ 15 अगस्त 2024 को ग्राम पंचायत के सरपंच एवं वहां के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में अनूपपुर जिले में संपन्न हुआ।इस अवसर पर लोक सेवा केंद्र के प्रबंधक एवं स्टाफ उपस्थित था। जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन जिला अनूपपुर सोनू सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी जनपद एवं अनूपपुर जनपद अंतर्गत जिन 6 उप-लोक सेवा केंद्र की स्थापना का औपचारिक शुभारंभ किया गया है।उसमें प्रमुख रूप से केल्हौरी (जैतहरी),देवरी(जैतहरी),मेड़ियारस (जैतहरी),बदरा (अनूपपुर),बरगवां अमलाई एवं अमगवां (जैतहरी) प्रमुख है। लोक सेवा प्रबंधक सोनू सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।जिसने लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 लागू किया।इस कानून के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार ने नागरिक सेवाओं में सुधार और उनकी प्रदाय प्रक्रिया बेहतर करने की दिशा में श्रेष्ठ पहल की है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम की मदद से सेवाओं को समय-सीमा में प्राप्त करना नागरिकों का अधिकार है।लोक सेवा प्रदान करने में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर अर्थदंड आरोपित करने का प्रावधान इस




अधिनियम का प्रमुख भाग है।इसलिये प्रत्येक चिन्हित सेवा को प्रदान करने के लिये समय-सीमा निर्धारित की गई है। सुशासन की यह देश में अपने स्वरूप की प्रथम ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी पहल है।लोक सेवाओं को प्राप्त करना अब प्रदेश के नागरिकों के लिए याचना नहीं अधिकार है। उप लोक सेवा केदो में आधार कार्ड केंद्र भी भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा जिसके लिए कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब एक छत के नीचे ही लोक सेवा से संबंधित कार्य एवं कुछ दिनों में आधार पंजीयन से संबंधित सारे कार्य किए जाएंगे।जिससे आमजन को बहुत सी समस्याओं का समाधान प्राप्त होने लग जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 उप-लोक सेवा केंद्र में आरसीएमएस की 25,एम पी आनलाइन की 119,समाधान एक दिन की 32,लोक सेवा गारंटी की 264 सेवाओं का लाभ अब नजदीक की 6 पंचायतों में स्थापित लोक सेवा केंद्रों से मिल पाएगा। एमपी में नागरिक सेवाओं के विस्तार और उनके सरलीकरण के लिए ग्राम पंचायतों में उप-लोक सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं।इसके जरिए कई सुविधाएं लोगों को उनके घर पर ही मिल सकेंगी। साल 2010 में देश में पहली बार मध्यप्रदेश सरकार ने अपने नागरिकों को लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी देकर एक बड़ा कदम उठाया है।बेहतर टीम वर्क, आवश्यक तकनीकी इन्फ्रास्ट्रक्चर और संवेदनशीलता के साथ काम करने के प्रयास शुरू किए गए। निश्चित ही साल 2010 से अब तक लोक सेवा गारंटी कानून ने एक लम्बी दूरी तय की है,इस लम्बे सफ़र के दौरान न सिर्फ नागरिकों का भरोसा हासिल किया गया बल्कि सेवा प्रदाय की प्रक्रिया में व्यापक परिवर्तन भी किये।अब चिन्हित सेवाओं को प्राप्त करने के लिये आम जन किसी की इच्छा पर निर्भर नहीं हैं क्योंकि शासन की तरफ से नागरिकों को सेवा प्राप्त करने की गारंटी दी गई है।सेवाएं प्राप्त करना अब नागरिकों का अधिकार है,इसके साथ ही लोक सेवा प्रदान करने में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर अर्थदण्ड आरोपित करने का प्रावधान भी इस अधिनियम में किया गया है।

# शहर से गांव का हर घर उद्यमी तथा पंच परिवर्तनकारी बनाने सार्थक सामूहिक पहल जरूरी- प्रो. मोहन कोल्हे, नार्वे

**अनूपपुर।** स्वावलंबी भारत अभियान तथा स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में सामाजिक संगठन, केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजकीय विश्वविद्यालय के द्वारा 21 अगस्त विश्व उद्यमिता दिवस पर अंतरराष्ट्रीय विमर्श संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटीएन तथा यूनिवर्सिटी आफ एग्दर नॉर्वे प्रोफेसर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. मोहन कोल्हे थे।

विमर्श संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो. मोहन कोल्हे ने कहा कि विकसित भारत 2047 का मूल मंत्र उद्यमिता है क्योंकि 18 वर्ष से 29 वर्ष आयु के 37 करोड़ रोजगार चाहने वाले युवाओं को रोजगारयुक्त करने का एकमात्र विकल्प उद्यमिता है और इन 37 करोड़ युवाओं के उर्जा को नवाचार, क्वालिटी और वैरायटी पर विशेष फोकस किया जाये तो 25 लाख करोड़ का घरेलु और अंतरराष्ट्रीय व्यापार खड़ा हो जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी युवाओं को आजीविका तथा रोजगारयुक्त करने के लिए उद्यमिता, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप ऐसे प्रमुख विषयों को सम्मिलित किया गया है, स्थानीय संसाधन आधारित नवाचार तथा एमएसएमई 4.0 का समावेश पाठ्यक्रमों में होना आवश्यक हो गया है। भारत के घरेलू बाजार ही नहीं बल्कि वैश्विक बाजार के लिए तथा एक्सपोर्ट क्वालिटी के प्रोडक्ट की उत्पादन के लिए लगभग 37 अलग-अलग सेक्टर में लगभग 15000 प्रकार के प्रोडक्ट को बनाकर उद्यमिता के क्षेत्र में युवा अपना भविष्य और देश को आर्थिक गति दे सकेंगे।




## 37 करोड़ युवाओं के ऊर्जा को सही दिशा में नेतृत्व देने विश्वविद्यालयों की अहम् भूमिका

प्रो. मोहन कोल्हे ने आगे कहा कि 37 करोड़ युवाओं को रोजगारयुक्त करने उद्यमिता को स्थापित करवाया गया तो भारत निश्चिततौर पर अगले 3 वर्षों में विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। इसके अलावा इंपोर्ट को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार के इंपोर्ट को ध्यान में रखना पड़ेगा। खासतौर पर ऊर्जा के क्षेत्र में बायो सीएनजी तथा बायो एलपीजी के लिए हर जिले में एक गोवर्धन योजना के अंतर्गत ऐसे प्लांट की स्थापना करनी होगी जो उस जिले के एलपीजी तथा डीजल-पेट्रोल की पूर्ति के लिए बायो सीएनजी की आपूर्ति कर सके। प्राकृतिक संसाधन का दोहन काम करने के लिए हर घर ऊर्जा स्वराज हो तथा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवेश के घर अपने खपत की बिजली का उत्पादन स्वयं कर लें तथा अपने खेत में उपयोग होने वाली पंपिंग सेट या खेती से संबंधित हार्वेस्टिंग/ थ्रेशिंग के परपस से उपयोग होने वाले ऊर्जा का निर्माण सौर ऊर्जा तथा हाइड्रोजन एनर्जी के माध्यम से हो इसके लिए एक विस्तृत कार्यक्रम चलाने होंगे ताकि ऊर्जा स्वराज के सही निर्धारण होने से बड़े पैमाने पर क्रूड तेल और अन्य गैसों का इंपोर्ट कम हो सकेगा। जिससे भारत को आर्थिक विकास में एक बड़ी ताकत मिलेगी इसी प्रकार से अलग-अलग सेक्टर में जहां पर इंपोर्ट कम हो सकें उसपर नवाचार कर इसे पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। दवा का सेक्टर (एक्टिव फार्मास्यूटिकल इनग्रेडिएंट), खेल प्रोडक्ट, केमिकल, टेक्सटाइल, धागा, फूड प्रोसेसिंग से संबंधित आइटम ऐसे अलग-अलग सेक्टर को चिन्हित कर इंपोर्ट को कम करने तथा एक्सपोर्ट को बढ़ाने के संदर्भ में नवाचार के शोध तथा इंटर्नशिप होने चाहिए, यहीं शिक्षा निति के मूल में है।

## भारत को पूर्ण-रोजगारयुक्त देश बनाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बेहद महत्वपूर्ण

प्रो. मोहन कोल्हे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सूक्ष्म व्याख्या करते हुए आगे कहा कि एनईपी के सही निर्धारण होने से युवाओं में बैठी हुई रोजगार की गलत धारणा अर्थात रोजगार मतलब सरकारी या प्राइवेट नौकरी या नौकरी के लिए प्लेसमेंट होना, इस धारणा को बदलना पड़ेगा। इसको बदलने के लिए इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप, उद्यमिता, स्थानीय संसाधन पर नवाचार के माध्यम से वर्तमान में पढ़ रहे छात्रों तथा भूतपूर्व छात्रों को उद्यमी बनाने का सही प्रशिक्षण तथा उन्हें उद्यमी बनने हेतु आइडिया जेनरेशन तथा हैंड होल्डिंग करना पड़ेगा, जिससे कि वे जहां है वहीं पर अपने समर्थ के अनुसार अपने परिवार और कुटुंब प्रबोधन को ध्यान रखते हुए पर्यावरण हितैषी होकर उद्यमिता स्थापित कर सकें। इसके लिए विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित की जाने वाले पाठ्यक्रम में अभूतपूर्व बदलाव की आवश्यकता है जिसकी बेहद कमी महसूस की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन यदि पुरानी शिक्षा नीति के अनुरूप ही हो तथा मात्र दिखावा करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति को संस्थाएं लागू करेंगे तो इससे कोई आउटकम नहीं निकलेगा। यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का गलत निर्धारण शुरू हो गया तो यह आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। आवश्यक है कि इस मामले में सामाजिक संस्थाएं, शैक्षणिक संस्थाएं और औद्योगिक संस्थाएं आपस में मिलकर इसके लिए रणनीति तैयार करें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की 2020 की मूल भावनाओं के अनुरूप युवाओं को और छात्रों को किस प्रकार से उद्यमी बनाया जा सके। %वोकल फॉर लोकल% के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए %वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट% जैसे मॉडल के जरिए निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाना पड़ेगा। हमारा एक ही संकल्प है - ÷राष्ट्र प्रथम, राष्ट्रहित सर्वोपरि।÷ इसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए देश के सभी सेक्टरों जैसे पर्यटन, एमएसएमई, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और कृषि में एक नया और आधुनिक सिस्टम को पाठ्यक्रमों में समावेश करना पड़ेगा जिससे स्व-रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो। भारत भविष्य की तकनीकों जैसे सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य आधुनिक तकनीकों में उत्पादन के लिए युवाओं को स्किलिंग करना पड़ेगा। डिज़ाइन के क्षेत्र में %डिज़ाइन इन इंडिया% तथा भारत ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और नई ऊर्जा स्त्रोतों को पाठ्यक्रमों में सम्मिलित कर इस ओर युवाओं को उद्यमी बनाने प्रेरित करना पड़ेगा। 2047 तक भारत को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ये कदम अहम भूमिका निभाएंगे।

## पंच परिवर्तन के विषय को पाठ्यक्रमों में अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए

प्रो. मोहन कोल्हे ने आगे कहा कि स्कूल शिक्षा तथा उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में पंच परिवर्तन को अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित किया जाए। प्रो. मोहन ने बताया कि किसी भी राष्ट्र के विकसित होने के लिए यह भी आवश्यक है कि उस राष्ट्र में सामाजिक सद्भाव बहुत मजबूती के साथ स्थापित होता रहे जहां जातिवाद जैसे धारणा का कोई जगह नहीं होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि सामाजिक समरसता को प्रत्येक छात्रों के मन में शुरू से ही प्रायोगिक तथा थियोरेटिकल दोनों विषय के रूप में शिक्षा दी जानी चाहिए। कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से परिवार कितना आवश्यक है तथा संयुक्त परिवार की क्या लाभ हो सकते हैं, इसके लिए पेडागॉजिकल टीचिंग लर्निंग किया जाना आवश्यक है। क्लाइमेट चेंज अभी संपूर्ण विश्व की समस्या बनी हुई है ऐसे में जीरो कार्बन एमिशन की दिशा में पर्यावरण हितैषी कार्य कैसे किया जा सकता हैं इस संदर्भ में एक विषय आवश्यक रूप से पेडागॉजिकल माध्यम से पढ़ाया जाना चाहिए है। स्वदेशी जीवन शैली, स्वदेशी भाव और युवाओं में स्व के जागरण के लिए भी व्यापक पहल और पाठ्यक्रम सम्मिलित होने चाहिए। साथ ही साथ युवाओं में नागरिक कर्तव्य, राष्ट्र निर्माण के कर्तव्य का बोध तथा व्यक्ति निर्माण का कार्य स्कूल से शुरू होकर उच्च शिक्षा तक चलाया जाना चाहिए, इसके लिए पंच परिवर्तन को विशेष पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाने चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एनआरआई भारत के प्रबुद्ध अकादमिक वर्ग इस हेतु व्यापक पेडागॉजिकल कोर्स मटेरियल तैयार कर रहा है।

बैठक में प्रमुख रूप से स्वावलंबी भारत अभियान स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत के प्रांत सहसंयोजक तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के डीन आचार्य (डॉ) विकास सिंह, पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. मनीष तारम, स्वदेशी जागरण मंच के युवा आयाम प्रमुख शोध विद्वान चिन्मय पांडे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व संगठन मंत्री तथा स्वदेशी जागरण मंच के मोरध्वज पैकरा, गीतेश साव, अनुराग सिंह, संदीप गुप्ता, शिवम कुमार, शुभम गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, सौरभ मांझी, राजीव किस्सी, खेलन ओरके, ओमप्रकाश पाठक, प्रणाली बोरकर, रचना मिश्रा, रामशरण प्रजापति, ऋषभ सिंह, ऋतुराज सोंधिया, हर्ष सोनी, आयुष, अमन सिंह जायसवाल, स्वमित्र साहू, अनुज राजपूत, अनुष्का यादव, भुवनेश्वर सिंह सहित अनेक युवा छात्र एवं प्रोफेसर मौजूद थे।

**प्रेषक**
**चिन्मय पांडे**
**शोध छात्र**
**इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय**
**अमरकंटक (मध्य प्रदेश)**
**संपर्क - 74156-19070**
**मोरध्वज पैकरा**
**99266 - 69299**

# खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी जिला अनूपपुर द्वारा तिरंगा यात्रा एवं शहीदों के परिवारों को किया गया सम्मानित एवं मैराथन दौड़ कराया गया।

**अनूपपुर/जैतहरी।** भारत सरकार में मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान एवं भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री कैलाश विश्वास सारंग के दिशा निर्देश मध्य प्रदेश के खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक टी टी नगर स्टेडियम भोपाल संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव उपसंचालक वाणी साहू एवं विकास खराडकर एवं के के उपाध्याय शहडोल






संभाग के कमिश्नर बाबू सिंह जामोद एवं कलेक्टर अनूपपुर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वशिष्ठ शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी इसरार मंसूरी संयुक्त कलेक्टर अनूपपुर एवं एसडीएम जैतहरी अंजली द्विवेदी इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में दिनांक 13 अगस्त को भारत तिरंगा यात्रा जैतहरी में निकाली गई सबसे पहले शहीद स्वर्गीय सोमनाथ राठौर गृह ग्राम बर्री मे उनक द्वार पर बने स्मारक पर उनके ऊपर फूल माला से श्रद्धांजलि दी एवं उनके परिजनो को फूल माला से स्वागत किया गया इसके बाद मिनी स्टेडियम जैतहरी में मैराथन दौड़ कराया गया जिसमें बढ़ चढ़कर बच्चे भाग लिए एवं मैराथन दौड़ के खिलाड़ियों एवं अच्छे खिलाड़ियों अच्छे कलाकारों को 100 मेडल देकर सम्मानित किया गया इसके बाद भव्य तिरंगा यात्रा रैली नगर जैतहरी में निकाली गई जिसमें लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर एसडीएम जैतहरी अंजली द्विवेदी रही है अध्यक्षता कर रहे जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप जिला क्रीड़ा अधिकारी के समन्वयक रामचंद्र यादव एवं डी यस राव एवं सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दीपक उरमालिया एवं कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य मनमोहन साडे एवं रिटायर्ड शिक्षक प्रदीप गुप्ता एवं पीटीआई कन्या शिक्षा परिसर जैतहरी संतोष सोनी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका के कर्मचारी विकास त्रिपाठी एवं शहीद स्वर्गी य की माता चैती बाई एवं भाई हेतराम राठौर एवं जिला खेल प्रशिक्षक रामचंद्र यादव और कार्यक्रम के आयोजक दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर मंच पर उपस्थित रहे हैं कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के राष्ट्रीय युवा फोटोग्राफी विद्या में पहुंचे संतोष कोल एवं इन्हीं जैसे सौ अन्य खिलाड़ियों एवं कलाकारों मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया एवं लगभग 600 बच्चे रैली में भाग लेकर पूरे नगर परिषद मे नारा लगाया गया नारा इस प्रकार रहा तिरंगा हमारी शान है भारत की पहचान है मन में हमने ठाना है तिरंगा ध्वज फहराना घर-घर फहराएंगे तिरंगा ध्वज फहराएंगे जैतहरी तिरंगा यात्रा एवं मध्य प्रदेश तिरंगा यात्रा भारत तिरंगा यात्रा सफल हो सफल हो इत्यादि के नारे लगाए गए कार्यक्रम में पुलिस विभाग के सहायक उप निरीक्षक थाना जैतहरी सुरेश कुमार कोरी एवं प्रधान आरक्षक अमित प्रताप सिंह पूरे रैली में सहयोग एवं मैराथन दौड़ में सहयोग किया और मंच पर अतीथि के रूप मैं विराजमान कार्यक्रम के आयोजन चंदेल जी द्वारा सभी को बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं शहिद के माता श्रीमती चैती बाई राठौर एवं भाई हेतराम राठौर को मंच पर बुलाकर साल एवं श्रीफल और बैच लगाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम जैतहरी अंजलि द्विवेदी ने कहा भारत तिरंगा यात्रा एक देश प्रेम की भावना को बढ़ाता है एवं हमारे देश की कुर्बानी की जो अमर जवान शहीद हो गए उनके यादगार में शहीद के परिवारों को सम्मानित कर एक जैतहरी क्षेत्र का श्री चंदेल जी ने गौरव बढ़ाया जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा कहां कि आप भारत तिरंगा यात्रा में जो सभी लड़के लड़कियां भाग ले रहे निश्चित ही आप बधाई के पात्र हो इतने बरसते हुए पानी आज का जज्बा आप लोगों को हमेशा देश के आन बान शान की रक्षा के लिए आगे ले जाने के लिये प्रेरित करता है,और निश्चित ही एक भारत की वीर जवान बनोगे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डी यस राव ने कहा इतने बरसते हैं पानी में जो आपने भारत तिरंगा यात्रा में भाग लिए हो निश्चित ही एक दिन भारत के एक अच्छे नागरिक बनोगे ,दिनेश कुमार चंदेल ने यह कार्यक्रम कराया उसके लिए बधाई के पत्र रिटायर्ड शिक्षक प्रदीप गुप्ता ने कहा निश्चित ही हमारे की यहां की प्रतिभा तिरंगा यात्रा के माध्यम से आगे बढ़ेंगी कार्यक्रम को सफल बनाने में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दीपक उरमालिया एवं आचार्य प्रेम प्रकाश मिश्रा एवं मनोज सोनी आचार्य हिमांशु गुप्ता राज रतन शुक्ला सचिन तिवारी मथुरा द्विवेदी लक्ष्मी नारायण शुक्ला प्रभा राठौर ममता राठौर नीतू सिंह एवं राठौर मैडम कन्या शिक्षा परिसर जैतहरी के प्राचार्य मनमोहन साडे एवं पीटीआई संतोष सोनी एवं अमित कुमार पनिका एवं अंजू जी एवं नगर पालिका के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षद गण और शिवम राठौर एवं प्रदीप सिंह इत्यादि लोगों का पूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम को का मंच संचालन एवं आभार आयोजक दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वय खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी जिला अनूपपुर स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर द्वारा किया गया,नगर परिषद जैतहरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह समस्त परिषद एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा ।

# गोवंश को औचक दुर्घटना से बचाने शिव मारुति युवा संगठन के कार्यकर्ता पहना रहे गोवंश को रेडियम बेल्ट



अनूपपुर । सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाला शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर मनुष्यों के साथ गोवंश के लिए भी एक नई तरकीब निकलते हुए गोवंश को रात के अंधेरे के दौरान औचक दुर्घटना से बचाने शिव मारुति युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने अनूपपुर शहर में मवेशियों को 150 से अधिक रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाकर मानवता का अनोखा परिचय दिया है। इस बेल्ट पर अंधेरे में लाइट पड़ते ही यह चमकने लगेगी और दुर्घटना होने का खतरा काफी हद तक कम हो सकेगा । शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर अनूपपुर शहर के निराश्रित,उपेक्षित गौवंश को रात्रि में दुर्घटना होने से बचाने एवं उस दुर्घटना से वाहन चालकों का जीवन बचाने के उद्देश्य से रेडियम सुरक्षा बेल्ट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा हैं। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के अध्यक्ष ने बताया कि शिव मारुति युवा संगठन द्वारा शहर की निराश्रित गौवंश के लिए आम जन के सहयोग से सुरक्षा के लिए रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे हैं।ताकि गौवंश के साथ-साथ जनहानि को भी रोका जा सके।इस दौरान संगठन के सदस्यों की टीम शहर की सड़कों पर घूम-घूम कर रेडियम बेल्ट लगा रही है।

# नवागत कमिश्नर श्री श्रीमन् शुक्ल ने किया पदभार ग्रहण

**शहडोल** - शहडोल संभाग के नवागत कमिश्नर श्री श्रीमन् शुक्ल ने आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल में कमिश्नर शहडोल संभाग का पदभार ग्रहण किया। कमिश्नर शहडोल संभाग का पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत कमिश्नर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। वर्ष 2007 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री श्रीमन शुक्ल इसके पूर्व, सहायक कलेक्टर जबलपुर, एस.डी.एम.



शुजालपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तत्कालीन होशंगाबाद जिला, कलेक्टर बड़वानी, संचालक बजट, कलेक्टर गुना, कलेक्टर धार, संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, एम.डी. मध्यप्रदेश रोड डेवलेपमेंट कार्पोरेशन, एम.डी. एग्रो, एम.डी. मार्कफेड, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईपीसीओ, कमिश्नर भू-अभिलेख, कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग, प्रबंधक संचालक मण्डी बोर्ड, प्रभारी सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# कलेक्टर ने माननीय राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



शहडोल - कलेक्टर डा.केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक ने माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल के 23 अगस्त 2024 को प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कोटमा के कौशल विकास केंद्र शहडोल परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की लोगों के आने जाने, वाहन पार्किंग की व्यवस्था बेहतर रहे यह सुनिश्चित कराएं तथा आयोजित कार्यक्रम स्थल में बैरिकेडिंग भी कराए द्य उन्होंने कहा कि प्रस्तावित माननीय राज्यपाल द्वारा कौशल विकास केंद्र शहडोल में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रवेश कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण, पौधरोपण भी किया जा सकता है इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित कराए। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अनु विभागीय अधिकारी श्री अरविंद शाह सहित अन्य अधिकारी साथ रहें।

# माननीय राज्यपाल 23 अगस्त को रहेंगे शहडोल जिले के प्रवास पर

शहडोल - माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगूभाई पटेल 23 अगस्त 2024 को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। माननीय राज्यपाल महोदय 23 अगस्त को प्रातः 8:30 बजे भोपाल से हैलीकैप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10:10 बजे शहडोल के जमुई हैलीपेड़ पहुंचेगे तथा प्रातः 10:10 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर 10:20 बजे से शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कोटमा के शासकीय हाई स्कूल कोटमा पहुंचेगे। माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगूभाई पटेल प्रातः 10:20 बजे से दोपहर 12 बजे तक शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कोटमा के शासकीय हाई स्कूल कोटमा में मंचीय कार्यक्रम एवं किट वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 12 बजे से 12:15 बजे तक प्रदर्शनी, ऑगनवाड़ी केंद्र एवं पंचायत भवन का निरीक्षण करेंगे। माननीय राज्यपाल महोदय दोपहर 12:15 बजे से 12:30 बजे तक आईसेक्ट भवन का निरीक्षण, विद्यार्थियों से संवाद व पौधरोपण करेंगें। माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगूभाई पटेल दोपहर 1 बजे शहडोल के जमुई हैलीपेड के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1:10 बजे उमरिया जिले के गुरूवाही हैलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे।



# पुलिस अभिरक्षा में मौत के मामले में एसआई व प्रधान आरक्षक को 10-10 साल की सजा

डिंडौरी। डिंडौरी के सिधौली में चर्चित अंधे हत्याकांड की सुनवाई पूरी हो गई। जिला न्यायालय ने एसआई छोटे लाल बरकड़े और प्रधान आरक्षक घनश्याम द्विवेदी को कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने इस मामले में तत्कालीन कोतवाली प्रभारी गिरवर सिंह उइके को दोष मुक्त कर दिया है। घटना के समय वे कोतवाली में मौजूद नहीं थे। पर्याप्त साक्ष न मिलने के चलते उन्हें राहत मिली है।

## 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है

लोक अभियोजन अधिकारी मनोज वर्मा ने बताया कि प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी की अदालत ने इस मामले में सजा सुनाते हुए दोनों आरोपितों पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। गौरतलब है कि यह मामला जिला न्यायालय में विगत 8 वर्ष से विचाराधीन था।

## सिधौली में एक सिर कटा हुआ मिला था

पुलिस सिधौली हत्याकांड का अब तक भी खुलासा नहीं कर पाई है। सिधौली में एक सिर कटा हुआ मिला था। इसकी जांच के दौरान ही गांव के कई लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस अभिरक्षा में ही वर्ष 2016 में एक युवक देव लाल की मौत हुई थी।उसके बाद काफी विरोध प्रदर्शन होने के चलते तत्कालीन पूछताछ में शामिल पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में सजा सुनाई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति में उपवर्गीकरण एवं क्रिमिलियर लागू करने पर SC/ST/OBC के द्वारा 21 अगस्त को भारत बंद।

### (नगर पालिका उदयपुरा और नगर परिषद देवरी में हजारों की संख्या में लोग हुए एकत्रित।)

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

उदयपुरा/ देवरीन्ड्ड माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त 2024 को 7 जजों की बेंच ने 6/1 से निर्णय दिया की अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग में उपवर्गीकरण और क्रिमिलियर लागू किया जाता है। इस वर्ग को सुप्रीम कोर्ट का फैसला सही नहीं लगा। 21 अगस्त 2024 को भारत बंद का आयोजन अनुसूचित जाति (स्ष्ट) और अनुसूचित जनजाति (स्ञ्ज) के विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया था। इसका मुख्य कारण सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के विरोध में था, जिसमें स्ष्ट/स्ञ्ज के लिए कुछ नई शर्तों को लागू करने का आदेश दिया गया था। इस फैसले में स्ष्ट/स्ञ्ज के आरक्षण में ÷उपवर्ग÷ लागू करने और ÷क्रीमी लेयर÷ की अवधारणा को शामिल करने की बात कही गई थी। क्रीमी लेयर का मतलब है कि आर्थिक रूप से संपन्न वर्गों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस फैसले को स्ष्ट/स्ञ्ज समुदाय के लिए आरक्षण के अधिकार में कटौती




के रूप में देखा गया, जिससे उनके अधिकारों पर असर पड़ सकता था। इस कारण स्ष्ट/स्ञ्ज समुदाय के संगठनों ने इस फैसले के खिलाफ भारत बंद का आह्वान किया था, जिसमें उन्होंने सरकार से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने की मांग की। बंद के दौरान, इन समुदायों ने अपनी नाराजगी और विरोध को ज़ाहिर किया, और अपने आरक्षण के अधिकारों को सुरक्षित रखने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को वापस लेने के लिए नगर परिषद देवरी और नगर पालिका उदयपुरा में भी एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग द्वारा भारत बंद का समर्थन कर डीजे, बाजे और नारों के साथ शांतिपूर्ण रैली निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए।। यह ज्ञापन उदयपुरा तहसीलदार श्रीमती आस्था चढ़ार जी और देवरी तहसीलदार श्री दिनेश बरगेले जी के द्वारा भारत की राष्ट्रपति महोदया को सोपा गया। जिसमें मांग की गई कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को वापस लिया जाए और न्याय की प्रक्रिया को स्पष्ट करें तमाम बुद्धिजीवियों का कहना है कि न्यायालय अपना निर्णय जाति, धर्म, संप्रदाय के आधार पर ना करें बल्कि समाज की पीड़ा को समझ कर निर्णय करें।। ÷इन वर्गों पर आज भी छुआछूत जाति के आधार पर की जाती है ना की आर्थिक आधार पर।÷ भारत बंद के दौरान सभी वर्गों ने अपनी सहभागिता दर्ज की जिसमें मुख्य रूप से श्री हेमंत नरवरिया जी (आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति मध्य प्रदेश), रमन बामने जी, प्रताप लोधी जी (ओबीसी महासभा), प्रभाकर मेहरा जी( प्रदेश अध्यक्ष मेहरा समाज), दिनेश बघेल जी पार्षद वार्ड क्रमांक 8 देवरी, गोटीराम बघेल जी,बालकिशन नरवरिया जी, कमलेश ठेकेदार जी, मन्नू लाल चौधरी जी, राकेश अंबेडकर, भुजबल सिंह, रघुबीर प्रसाद, कैलाश बघेल जी और हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

# जितना खर्च नेता के एक कार्यक्रम में खर्च होता है काश उतना इन ग्रामीणों की समस्याओं पर खर्च हो जाता।

## (सड़क न होने पर खटिया पर लेकर जाना पड़ता है मरीज को)



संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

देवरी। देश को आजाद हुए 78 साल हो गए हैं फिर भी ग्रामीणों की स्थिति इतनी दयनीय क्यों है? मूलभूत सुविधाओं से वंचित क्यों है? जितना खर्च एक नेता के कार्यक्रम में किया जाता है काश उतना खर्च किसी गांव के विकास में किया जाता तब हमें यह स्थिति देखने में शर्म ना आती। यह मामला तहसील देवरी के ग्राम पंचायत खिरेटी का है जहां पर एक गांव जिसका नाम नूरजहां टपरिया टोला है ठीक उसी गांव से लगा के ग्राम पंचायत इटुआ का टपरिया टोला है इन दोनों गांव की स्थिति इतनी दयनीय है कि आपकी रूह काप जाएगी, यहां पर ग्रामीण जनों को निकालने के लिए सड़क नहीं है तब किसी मरीज को लाने के लिए ग्रामीण लोग खाट (चारपाई) का उपयोग करते हैं और यह फासला एक से दो किलोमीटर का है। विडंबना यह है कि सरकार के पास इन ग्रामीणों की गंभीर समस्याओं को सुनने का वक्त भी नहीं है। चाहे फिर किसी व्यक्ति की जान ही क्यों ना चली जाए। बारिश में ग्रामीणों की स्थिति हो जाती है कीचड़ इतनी हो जाती है कि निकलना भी मुश्किल हो जाता है। क्योंकि यह मजदूर वर्ग है और मेहनत करना जानता है फिर भी इतनी गंभीर समस्याओं को अपने सीने में छुपाए हुए हैं। अब देखना यह होगा कि इतनी गंभीर समस्याओं का निराकरण हो पता है या नहीं या फिर किसी नेता के कार्यक्रम में जनता के पैसों को पानी की तरह इस्तेमाल जाता है।

### गुमशुदा



**नाम-** संतोष कुमार अहिरवार
**पिता का नाम-** दामोदर अहिरवार
**भाई का नाम-**टीकाराम अहिरवार
**व्यवसाय-** कृषि मजदूरी
**हाइट-** 5.5 इंच
**पहचान-**दुबले पतले
**गुमशुदा डेट-**01/08/2024
**माता का नाम-**भग्गो बाई अहिरवार
**पत्नी का नाम-**श्रीमति हीरा बाई
**निवास-**गांव इमझिरी ? उदयपुरा वार्ड क्रमांक 4
प्रिस्टन कॉलेज छींद रोड लोधी पुरा
उदयपुरा जिला रायसेन मध्यप्रदेश
अगर किसी सज्जन को दिखाई दे तो इस नंबर पर सूचित करें
मो. 9165736101

# थाना मेहंदवानी पुलिस ने गिरफ्तार किये पांच वारंटी




डिण्डौरी।

पुलिस अधीक्षक डिण्डोरी द्वारा चलाये जा रहे फरार अपराधी एवं फरार गिरफतार वारंटी एवं स्थाई वारंटी की धरपकड़ अभियान के तहत मेहंदवानी पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में दिनांक 22/08/24 को थाना प्रभारी मेहंदवानी श्री श्याम सुदंर उसराठे मेहंदवानी द्वारा गठित टीम ने क्रमशः-

1. प्रकरण क्र. 279/21 धारा 379,411 ताहि. में वारंटी प्रेमकुमार पिता हंगुलाल तौहार निवासी पडरिया

2. प्रकरण क्र. 97/19 धारा 354,355 (घ) (आई), ताहि.

3. प्रकरण क्र. 326/20 धारा 279,337,338 ताहि.

4. साक्षी वारंटी प्रकरण क्र.30/23 धारा 363,366,376,376(2) एन, 5,6 पास्को एक्ट 3(1),3 (2) एसटी/एससी एक्ट में भागरती पति जगदीश मरावी निवासी ग्राम तांवरी

5. साक्षी वारंटी प्रकरण क्र.30/23 धारा 363,366,376,376(2)एन, 5.6 पास्को एक्ट 3(1),3(2) एसटी/ एससी एक्ट में कांती पिता जगदीश मरावी ग्राम तांवरी । सभी गिरफतार वारंटियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया। टीम में थाना प्रभारी मेहंदवानी शयाम सुदंर उसराठे, उनि राजेन्द्र हरदहा, सउनि सुनील पटेल, प्रआर 383 कमलेश भवेदी, प्रआर 278 अर्जुन रजक, आर 152 ताहर भवेदी, मआर 407 नमिता मगत, चा.प्रआर 276 संजीव उईके का विशेष योगदान रहा ।

## चारा मार दवा पीने से महिला की हालत बिगडी

डिंडौरी। कोतवाली अंतर्गत ग्राम निगराणी निवासी 19 वर्षीय महिला ने पति के साथ हुए विवाद के चलते घर में रखी चारा नष्ट करने की दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दिए बयान में महिला ने बताया कि उसका मायका ग्राम जमुनिया में है। उसकी शादी वर्ष 2023 में संजय से हुई थी। मंगलवार को उसका पति उससे मोबाइल मांग रहा था, लेकिन महिला के पास मोबाइल नहीं था। इसी बात को लेकर पति द्वारा महिला के साथ गाली गलौज की गई। गुस्से में आकर महिला ने घर में रखी चारा नष्ट करने की दवा पी ली। कुछ देर बाद उल्टियां होने से उसकी हालत बिगड़ने लगी। पति द्वारा मोटरसाइकिल से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

डिंडौरी। जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक दो भवानी चौक में बाइक की टक्कर से बुधवार की सुबह 70 वर्षीय महिला घायल हो गई। महिला को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के मुताबिक मीरा बाई पति विश्राम नंदा निवासी भवानी चौक पैदल घर लौट जा रही थी। सुबह लगभग सात बजे के आसपास कॉलेज तिराहा की तरफ से आ रहे बाइक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए महिला को टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिव्यांगजनों के लिये लगाये जायेंगे चलित न्यायालय

### प्रथम चलित न्यायालय 17 अक्टूबर को




भोपाल। प्रदेश में दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिये चलित न्यायालय लगाये जायेंगे। इन न्यायालयों में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत प्रदेश एवं केन्द्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित दिव्यांगजनों की समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जायेगा। चलित न्यायालयों की व्यवस्थाओं के संबंध में आयुक्त निश्क्तजन कार्यालय में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. श्री गगन कोले, सचिव श्री रामेन्द्र सिंह और डॉ. दीपमाला रावत उपस्थित थे। राज्य आयुक्त निश्क्तजन श्री संदीप रजक ने बताया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये जिला स्तर पर चलित न्यायालय आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश का प्रथम चलित न्यायालय 17 अक्टूबर को सीधी और सिंगरौली जिले में आयोजित किया जायेगा। चलित न्यायालयों में दिव्यांगजनों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों का मौके पर ही निराकरण किया जायेगा। इसमें सिकल सेल एवं बहु-दिव्यांगता श्रेणी के दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराने, व्हील-चेयर, मोटराइज्ड ट्राइसिकल, क्रेचेश, कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र और स्व-रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराये जाने की समीक्षा भी की जायेगी। आयुक्त श्री रजक ने बताया कि चलित न्यायालय की व्यवस्थाओं के संबंध में जिला स्तरीय एडव्होकेसी की बैठक 28 अगस्त को सीधी तथा 29 अगस्त को सिंगरौली में आयोजित की जायेगी।

# नरेला रक्षाबंधन महोत्सवः रक्षाबंधन महोत्सव का दूसरा दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान को समर्पित

### मंत्री श्री सारंग ने बहनों को भेंट किये पौधे, पौधरोपण करने की अपील की

### हर बहन अपने आंगन में एक पौधा माँ के नाम अवश्य लगाएं- मंत्री श्री सारंग



भोपाल। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग गुरुवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 78 एवं 59 में आयोजित नरेला रक्षाबंधन उत्सव में सम्मिलित हुए। अभियान का दूसरा दिन मंत्री श्री सारंग ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान को समर्पित किया। विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन उत्सव के दूसरे दिन 21 हजार बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षा सूत्र बांधा। इस मौके पर मंत्री श्री सारंग ने बहनों को एक-एक पौधा भेंट करते हुए सभी बहनों को अपने घर-आंगन में माँ के नाम पौधा लगाने की अपील की।

### एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील

मंत्री श्री सारंग ने नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के दूसरे दिन को प्रधानमंत्री श्री मोदी के %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान को समर्पित किया। उन्होंने हज़ारों की संख्या में शामिल हुई बहनों को उपहार स्वरूप एक-एक पौधा भेंट किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सभी बहने एक पेड़ माँ के नाम लगाकर उसकी देखरेख व रखरखाव सुनिश्चित करें।

### यह राजनीतिक नहीं नरेला परिवार का उत्सव

मंत्री श्री सारंग ने बहनों से संवाद करते हुए कहा कि हर वर्ष नरेला विधानसभा में 1 लाख से अधिक संख्या में बहनें उन्हें रक्षा-सूत्र बांधकर स्नेह व आशीर्वाद प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि नरेला रक्षाबंधन महोत्सव राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, यह नरेला परिवार की लाखों बहनों के अटूट विश्वास का बंधन है। बहनों का यह स्नेह ही उन्हें जनसेवा के लिये शक्ति प्रदान करता है। यही नरेला विधानसभा को %नरेला परिवार% बनाता है।

### बहनों पर की पुष्पवर्षा

रक्षाबंधन महोत्सव के दूसरे दिन नरेला विधानसभा के वार्ड 78 एवं 59 में आयोजित समारोह में हज़ारों की संख्या में बहनों ने मंत्री श्री सारंग के दोनों हाथों में रक्षा-सूत्र बांधा। यहाँ मंत्री श्री सारंग ने बहनों पर पुष्पवर्षा की। उन्होंने सभी बहनों को उपहार स्वरूप बटुआ और आरती संग्रह भी भेंट किया। समारोह में बहनों के लिये भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

### 29 अगस्त तक चलेगा रक्षाबंधन महोत्सव

नरेला विधानसभा का सबसे भव्य रक्षाबंधन उत्सव 29 अगस्त तक चलेगा। पिछले वर्ष इस महोत्सव में विश्व रिकॉर्ड दर्ज करते हुए मंत्री श्री सारंग ने 1 लाख 41 हज़ार से अधिक बहनों से राखी बंधवाई थी। वहीं महोत्सव के प्रति बहनों के उत्साह को देखते हुए इसबार पिछले वर्ष का रिकॉर्ड टूटने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

**रविवार को वार्ड 36,70 व 79 में होगा रक्षाबंधन महोत्सवः** रविवार 25 अगस्त को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 36 हबीबिया स्कूल, वार्ड 70 वार्ड कार्यालय एवं वार्ड 79 करोंद चौराहे पर रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां भी हज़ारों की संख्या में बहनें भैया विश्वास को रक्षासूत्र बांधने पहुंचेंगी।

# देवरीकलां नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा, 12 पार्षदों ने की कलेक्टर से शिकायत

सागर, प्रतिनिधि। एक पार्षद ने तो फूट-फूट कर रोकर बताया कि जनता ने उन्हें विकास कार्य के लिए चुना है, लेकिन अध्यक्ष की मनमानी के कारण वे अपने वार्ड की नालियां तक साफ नहीं करवा पा रहे। जो भी काम होता है, उन्हें पता ही नहीं चलता। ना ही उनकी सहमति ली जाती।

सागर जिले की देवरी नगर पालिका के अध्यक्ष के खिलाफ वहां के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। नगर पालिका के 12 पार्षदों ने सागर कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर उनकी शिकायत की है।

देवरी नगर पालिका की अध्यक्ष नेहा जैन को पद से हटाने 12 पार्षद लामबंद हो गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यप्रणाली से नाराज चल रहे 12 पार्षद बुधवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्टर को नगर पालिका अध्यक्ष की कार्य प्रणाली से अवगत कराकर हटाने की मांग की। 15 वार्ड पार्षदों की नगर पालिका में से 12 पार्षदों ने 16 अगस्त को ही अध्यक्ष को पद से हटाने अविश्वास प्रस्ताव पर कलेक्टर को सौंप चुके हैं। वहीं कलेक्टर ने मामले को लेकर नियम अनुसार कार्यवाही का आश्वासन पार्षदों को दिया है।

इस दौरान एक पार्षद ने तो फूट-फूट कर रोकर बताया कि जनता ने उन्हें विकास कार्य के लिए चुना है, लेकिन अध्यक्ष की मनमानी के कारण वे अपने वार्ड की नालियां तक साफ नहीं करवा पा रहे। जो भी काम होता है, उन्हें पता ही नहीं चलता। ना ही उनकी सहमति ली जाती। बता दें कि भाजपा के दो गुट होने के कारण नगर पालिका अध्यक्ष के निर्वाचन में भाजपा ने मेंडेड जारी नहीं किया था। इसमें मंत्री प्रहलाद पटेल के समर्थकों के गुट ने कांग्रेस के दो पार्षदों एवं छह भाजपा पार्षदों से मिलकर अपना अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनाया था, वहीं एक वोट के अंदर से जीत कर नेहा जैन नगर पालिका की अध्यक्ष बनी थीं वहीं दूसरा गुट विधायक बृज बिहारी पटेरिया का समर्थक है।



## कोर्ट ने आईएएस अधिकारी के खिलाफ किया जमानती वारंट जारीः इन्हें तत्काल पेश होने के दिये निर्देश


सागर, प्रतिनिधि | सागर जिले के बीना न्यायालय द्वारा समय देने के बावजूद आदेश का जानबूझकर पालन नहीं करने तथा आदेश की अवहेलना करने पर तत्कालीन बीना एसडीएम आईएएस अधिकारी रजनी सिंह के खिलाफ एक हजार रुपए अर्थदंड सहित जमानती वारंट जारी कर आरोप निर्मित करने के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है।

सागर जिले के बीना न्यायालय द्वारा समय देने के बावजूद आदेश का जानबूझकर पालन नहीं करने तथा आदेश की अवहेलना करने पर तत्कालीन बीना एसडीएम आईएएस अधिकारी रजनी सिंह के खिलाफ एक हजार रुपए अर्थदंड सहित जमानती वारंट जारी कर आरोप निर्मित करने के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है। साथ ही तत्कालीन तहसीलदार मोनिका वाघमारे, कंप्यूटर आपरेटर जितेंद्र रैकवार को भी न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया गया है।

यह था मामला - खिमलासा निवासी नंदकिशोर पटवा साल 2016 में बीना नगर के आचवल वार्ड में किराए के मकान में रहते थे। साथ ही पास के हिरनछिपा गांव में आधार कार्ड सेंटर चलाते थे। दिनांक 23 जुलाई 2016 को तत्कालीन बीना एसडीएम आईएएस रजनी सिंह, तहसीलदार मोनिका बाघमारे और कंप्यूटर आपरेटर उसके आचवल वार्ड स्थित घर पहुंचे और घर पर रखा कंप्यूटर सहित अन्य सामान उठाकर तहसील कार्यालय में ले गए थे। नंदकिशोर ने विरोध किया तो उसके विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण पुलिस थाने में दर्ज कराया गया था।

जब्त हुई सामग्री लौटाई पर लैपटॉप नहीं दिया - साल 2018 में नंदकिशोर को तहसील कार्यालय से एक पत्र मिला, जिसमें जब्त सामग्री प्राप्त करने के लिए उसे निर्देशित किया गया था। जब नंदकिशोर तहसील कार्यालय पहुंचा तो उसे आइरिश मशीन, फिंगर प्रिंट मशीन, वेब कैमरा प्रदान किया गया, लेकिन लैपटाप नहीं दिया गया। जिसके जिसके लिए उसने जानकारी ली तो बताया गया कि लैपटाप नजारत शाखा में जमा नहीं हुआ है। 20 अप्रैल 2018 को सूचना के अधिकार तहत जानकारी मांगी तो एसडीएम कार्यालय से बताया गया कि उपरोक्त संबंध में कोई रिकॉर्ड कार्यालय नहीं है।





फरियादी ने किया परिवाद दायर - इसके बाद इसी मामले को लेकर नंदकिशोर ने 2 मई 2018 को परिवाद पत्र अधिवक्ता अमित सेन के माध्यम से न्यायालय में पेश किया गया था। जिसमें तत्कालीन एसडीएम आईएएस रजनी सिंह, तहसीलदार मोनिका वाघमारे और कंप्यूटर आपरेटर जितेंद्र रैकवार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी। पांच साल की सुनवाई के बाद न्यायालय ने माना कि अधिकारियों ने वैधानिक सेवा नहीं दी और घर में घुसकर सामान की जप्ती की है। इसलिए आरोपित रजनी सिंह, मोनिका वाघमारे और जितेंद्र रैकवार के विरुद्ध 451, 380 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए।

23 सितंबर को है अगली पेशी - कोर्ट ने बीना थाना प्रभारी को 27 जुलाई 2024 को आदेश तामील कर हलफनामा दाखिल करने तथा विपक्षी अधिकारी की 23 सितंबर को पेशी सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

## दिग्विजय सिंह के कोविड पॉजिटिव आने के बाद हरकत में आया खुरई का स्वास्थ्य विभाग, लोगों के लिए सैंपल

सागर, प्रतिनिधि | कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद खुरई का स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर के बाद खुरई के बरोदिया नोनागिर गांव के उस परिवार में भी हड़कंप की स्थिति रही, जिसके यहां दिग्विजय सिंह आए थे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद खुरई का स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर के बाद खुरई के बरोदिया नोनागिर गांव के उस परिवार में भी हड़कंप की स्थिति रही, जिसके यहां दिग्विजय सिंह आए थे। रक्षाबंधन के दिन पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपनी मुंह बोली बहन से राखी बंधवाने के लिए गांव आए हुए थे।



जानकारी लगते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंच कर परिवार के लोगों के सैंपल लिए।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है कि उनकी कोविड-19 टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दिग्विजय सिंह के कोविड पॉजिटिव होने की सूचना मिलते ही खुरई स्वास्थ्य विभाग ने एक टीम का गठन किया, जिसमें डॉ नीतेश दुबे, लैब टेक्नीशियन कपिल ओझा, लैब टेक्नीशियन आकाश रजक, विजय पाल शामिल थे। टीम के सदस्य ग्राम बरोदिया नोनागिर पहुंचे। जहां टीम ने तीनों घरों के 9 लोगों के अलावा वहां ड्यूटी कर रहे दो पुलिसकर्मियों के भी कोविड टेस्ट के लिए सैंपल लिए और सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है। इसके अलावा उस समय मौके पर मौजूद एसडीएम का भी कोविड टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया है।

खुरई बीएमओ डॉ शेखर श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कोरोना पॉजिटिव की खबर के बाद तत्काल टीम का गठन कर गांव भेजा गया है। परिवार और पुलिसकर्मियों के सैंपल लिए गए हैं। साथ ही एसडीएम का भी सैंपल लिया गया है, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है जांच बाद ही यह स्थिति स्पष्ट हो पायेगी कि दिग्विजय सिंह के संपर्क मैं आने से कितने लोग प्रभावित हुए हैं।

### कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश - एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ करें कार्रवाई

## समझाइश के बाद भी पशुओं के मुख्य मार्ग में पाए जाने पर लगेगी पेनाल्टी आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने की जा रही है कार्रवाई

**सागर, प्रतिनिधि** | कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने निर्देश दिए हैं कि आवारा पशुओं को सड़क से हटाने की कारवाई नगरीय निकायों और जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों द्वारा प्राथमिकता से की जाए। पशु मालिकों को पहले समझाईश दें ,लेकिन समझाइश के पश्चात भी खुले में छोड़ने या मुख्य मार्ग पर विचरण करते पाए जाने पर पेनाल्टी लगाएं। पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाया जाकर उन्हें गौशाला में भेजा जाए। आवश्यकता होने पर क्रैश बैरियर लगाकर

पशुओं को रोड पर बैठने से रोकने की कार्रवाई करें। - उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने आज बैठक लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़कों पर मवेशियों का जमावाड़ा को रोकने के लिए ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में जिम्मेदारी तय करने के निर्देश संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को दिए हैं।

कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे क्षेत्र जहां मवेशियों का जमावड़ा अधिक रहता है उस स्थान पर नामजद ड्यूटी लगाकर व्यक्ति रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनकर प्रबंधन करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले ग्राम पंचायतों के द्वारा पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं। मवेशियों के सड़क में रहने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इसे गंभीरता से लेते हुए पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने कहा गया था।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)